खबर संक्षेप



स्कूल आने जाने विद्यार्थियों को मिली बस की सुविधा

स्लीमनाबाद। सांदीपनी शासकीय स्कूल बहोरीबंद मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्कूल पढ़ाई करने आने मे अब आने -जाने की परेशानी नहीं होगी। विद्यार्थी अब बस से स्कूल आएंगे ओर अपने घर जायेंगे। शुक्रवार को विधायक प्रणय पांडेय नें सांदीपनी शासकीय स्कूल बहोरीबंद मे 5 बसों का शुभारंभ किया। बस सुबिधा शुरू होते ही विद्यार्थियों व स्टॉफ के चेहरों मै खुशियाँ आ गईं। विधायक प्रणय पांडेय नें स्वयं बस मे विद्यार्थियों को बैठाकर ड्राइव की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय पांडेय नें कहा कि विद्यार्थी अब स्कूल बस आएंगे ओर घर भी जायेंगे!विद्यार्थी भविष्य के निर्माता है इसलिए शिक्षक भी विद्यार्थियों के साथ अच्छा व्यवहार करें ओर बेहतर शिक्षा दे जिससे यही विद्यार्थी आगे चलकर गाँव का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार, जनपद सदस्य प्रकाश गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ज्ञानेश कुलेश,प्राचार्य संगीता राय, महेंद्र राय,हरिसिंह पटेल,रवि पांडेय, इंद्रकुमार पटेल एवं जनप्रतिनिधि, अधिकारी -कर्मचारी ओर स्कूल स्टॉफ की उपस्थिति रही।

नकदी सहित जेवरात एवं बाइक चुरा ले गये चोर

कटनी। कोतवाली थाना अंतर्गत बस स्टैण्ड क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना हुई। जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवम यादव 21 वर्ष निवासी खम्हरिया नंबर 02 13 अक्टूबर 2026 की रात अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ZK 1688 लेकर निजी होटल के पास आया था। बाहर खड़ी हुई बाइक को चोर चुरा ले गए। घटना की रिपोर्ट 16 अक्टूबर को कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। इसी तरह बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम लमकना में चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। प्रार्थी धनीराम साहू 38 वर्ष के मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात तथा 35,000 रुपये नगद पार कर दिए। चोरी गए कुल मशरूके की कीमत लगभग 80,000 रुपये आंकी गई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।

स्पा सेंटरों में अनैतिक गतिविधियों के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

कटनी। स्पा सेंटरों की आड़ में चल रहे अवैध देह व्यापार के काले कारोबार के खिलाफ कटनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। महिला थाना पुलिस ने इस रैकेट को संचालित करने और स्पा सेंटरों में लड़कियां सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायर हनी गुप्ता 27 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर महिला थाना प्रभारी वर्षा सोनकर इस मामले की गहनता से जांच कर रही हैं। 20 सितंबर 2026 को मुखबिर की सूचना पर महिला थाना प्रभारी वर्षा सोनकर के नेतृत्व में बरगवां स्थित नेचुरल थाई स्पा और अवा स्पा सेंटरों पर छापामार कार्रवाई की गई थी। मौके से कई लड़के और लड़कियां आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए थे, जिसके बाद पुलिस ने लगभग 10 लोगों को पहले ही जेल भेज दिया था। जांच में खुलासा हुआ कि हनी गुप्ता पिछले 2-3 वर्षों से इस अवैध धंधे से जुड़ा हुआ था। वह नाम बदलकर अलग-अलग स्पा सेंटरों के संचालन में पर्दे के पीछे रहकर मुख्य भूमिका निभाता था। पुलिस ने उसके पास से लेनदेन के हिसाब-किताब की रसीदें और मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसमें कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस पूछताछ और सबूतों के मुताबिक, हनी गुप्ता असम, बंगाल, राजस्थान, दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों से लड़कियों को कटनी बुलवाता था।

प्राचीन तीन कुंडों में कभी कम नहीं होता जल स्तर, मंदिर के आसपास जंगली जानवर भी लगाते हैं फेरा

घने जंगलों के बीच आस्था का केंद्र दियागढ़ नागिन माता मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत झिन्नापिपरिया के दियागढ़ के घने जंगलों के बीच विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं और प्राकृतिक वादियों से घिरे 'नागिन माता मंदिर' भक्तों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। जिला मुख्यालय से लगभग 50 से 60 किलोमीटर और ढीमरखेड़ा तहसील मुख्य मार्ग से करीब 10 किलोमीटर दूर, ग्राम पंचायत झिन्नापिपरिया के अंतर्गत आने वाला छोटा सा गांव 'दियागढ़' प्रकृति की गोद में बसा हुआ है। इस गांव की सीमा समाप्त होते ही सतपुड़ा और विंध्याचल की घनी पहाड़ियों और जंगलों का सिलसिला शुरू होता है। इसी सघन वन क्षेत्र के ठीक बीचों-बीच स्थित है माँ नागिन माता का पावन दरबार। चारों तरफ ऊंचे-ऊंचे सागौन और महुआ के पेड़, चिड़ियों की चहचहाहट और एक प्राचीन शांत वातावरण इस मंदिर की दिव्यता को और अधिक बढ़ा देता है।

मंदिर के वर्तमान मुख्य पुजारी एवं बुजुर्ग ग्रामीणों के अनुसार नागिन माता की यह प्रतिमा सदियों पुरानी है। प्रारंभ में माता रानी की यह मूल प्रतिमा आज के मुख्य मंदिर स्थल से लगभग दो किलोमीटर ऊपर एक बेहद दुर्गम और ऊंची पहाड़ी की चोटी पर स्थापित थी। पहाड़ी का रास्ता इतना संकरा और खतरनाक था कि वृद्ध, महिलाएं और बच्चे वहां आसानी से नहीं पहुंच पाते थे।

पुजारी बताते हैं कि वर्ष 1971 में स्थानीय ग्रामीणों और अनन्य भक्तों ने सामूहिक रूप से माता रानी से प्रार्थना की कि वे नीचे आकर विराजमान हों ताकि सभी आसानी से उनके दर्शन कर सकें। लोक मान्यताओं के अनुसार, भक्तों के इस सच्चे निवेदन और कठिन तपस्या के बाद माता की प्रतिमा को पहाड़ी से नीचे लाकर वर्तमान स्थल पर विधि-विधान से स्थापित किया गया।

सदानीरा रहते हैं कुंड

दियागढ़ नागिन माता मंदिर परिसर की सबसे बड़ी और वैज्ञानिक रूप से हैरान करने वाली विशेषता वहां बने तीन प्राचीन प्राकृतिक कुंड हैं। इन कुंडों में हमेशा जल भरा रहता है। मध्य प्रदेश के कटनी और महाकौशल क्षेत्र में मई-जून के महीनों में जब तापमान 45 डिग्री को छूने लगता है और बड़े-बड़े नदी-तालाब सूख जाते हैं, तब भी इन तीनों कुंडों का जल स्तर रत्ती भर भी कम नहीं होता। एक समय ऐसा था जब दियागढ़ और आसपास के वनवासी



गांवों में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं थी। उस दौर में पूरे गांव के लोग पीने के पानी के लिए इन्हीं पवित्र कुंडों पर निर्भर थे। कुंड का जल इतना शुद्ध और मीठा है कि इसे लोग सीधे ग्रहण करते हैं और इसे माता का चरणामृत मानते हैं।

मंदिर के इतिहास में वर्ष 2007 को एक युगांतकारी मोड़ के रूप में याद किया जाता है। पुजारी के अनुसार, 2007 से पहले इस पूरे क्षेत्र में भूमिगत जल स्तर अत्यंत भयावह स्थिति में था। ग्रामीणों ने पानी के लिए लगभग 25 से अधिक गहरे बोरवेल खुदवाए थे, लेकिन सभी सूखे और असफल साबित हुए थे। इसके बाद, मंदिर समिति और ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर परिसर में एक भव्य श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। ग्रामीणों का विश्वास है कि इस धार्मिक अनुष्ठान और माता नागिन की विशेष कृपा से कथा संपन्न होते ही चमत्कार हुआ। क्षेत्र का जलस्तर अचानक तेजी से ऊपर आ गया। आज स्थिति यह है कि पूरे क्षेत्र में मात्र 70 से 80 फीट की खुदाई करने पर ही प्रचुर मात्रा में मीठा और शुद्ध पानी मिल जाता है, जिसे ग्रामीण आज भी माता का साक्षात आशीर्वाद मानते हैं।

घने जंगलों के बीच स्थित होने के कारण यह क्षेत्र हिंसक वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास भी है। मंदिर के आसपास रात के समय बाघ, चीता, तेंदुआ और जंगली सूअर जैसे खूंखार जानवर खुलेआम घूमते हैं। स्थानीय निवासियों और वन विभाग के चौकीदारों का दावा है कि रात के सन्नाटे में ये हिंसक जानवर कई बार मंदिर परिसर के बिल्कुल करीब तक आते हैं और कुछ समय शांत बैठकर वापस जंगलों में लौट जाते हैं। आज तक के इतिहास में माता के दरबार की ऐसी अलौकिक शक्ति रही है कि किसी भी हिंसक जानवर ने यहां आने वाले किसी भी श्रद्धालु, पुजारी या स्थानीय ग्रामीण पर कभी हमला नहीं किया और न ही कोई नुकसान पहुंचाया है। जंगली जानवर और इंसान यहां एक मूक सहमति और सुरक्षा के माहौल में सह-अस्तित्व बनाए हुए हैं।

जिले में इकलौती अनूठी प्रतिमा अद्वितीय बनावट

दियागढ़ में स्थापित माँ नागिन माता की प्रतिमा की बनावट अत्यंत दुर्लभ और अद्वितीय है। संपूर्ण कटनी जिले या महाकौशल क्षेत्र में ऐसी सुंदर और अलौकिक नाग-स्वरूप देवी की प्रतिमा कहीं और देखने को नहीं मिलती। प्रतिमा को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो साक्षात नागवंश की अधिष्ठात्री देवी भक्तों की रक्षा के लिए शिलाखंड पर अवतरित हुई हों।

चैत्र व शारदीय नवरात्र और नागपंचमी के दौरान यहां का नजारा देखने लायक होता है। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में पारंपरिक रूप से लगभग 50 से अधिक कलशों में अखंड ज्योति के साथ 'जवारे' बोए जाते हैं। नौ दिनों तक पूरा जंगल माता के भजनों, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक जस गीतों से गूंज उठता है। मान्यता है कि जो भी भक्त यहां आकर सच्चे मन से नारियल बांधकर मन्नत मांगता है, माता उसकी सूनी गोद भर देती हैं और शारीरिक व मानसिक कष्टों का निवारण करती हैं।

प्रतिमा को न हिला पाने की किवदंती

इस मंदिर से जुड़ी एक और बेहद रोचक लोक-कथा यह है कि अतीत में कुछ असामाजिक तत्वों या अन्य लोगों द्वारा इस अद्वितीय प्रतिमा को और अधिक नीचे मैदानी भाग में ले जाने के कई प्रयास किए गए, लेकिन वे पूरी तरह असफल रहे। कहा जाता है कि भारी बल लगाने के बावजूद भी मूर्ति अपनी जगह से टस से मस नहीं हुई। इतना ही नहीं, एक समय वन विभाग ने भी वन भूमि के नियमों का हवाला देते हुए मंदिर निर्माण को रोकने या हटाने का प्रयास किया था। परंतु, प्रशासनिक प्रयासों के बावजूद चमत्कारिक रूप से वे इस कार्य में आगे नहीं बढ़ सके। अंततः, माता की शक्ति को स्वीकार करते हुए स्वयं वन विभाग के अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के ऊपर एक सुंदर छतरी और शेड का निर्माण करवा दिया।

वृद्ध दंपत्ति के साथ लूटपाट करने वाले 2 आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े वृद्ध दंपति के साथ हुई लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार जबलपुर जिले के सिहोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरहा निवासी 60 वर्षीय कोदूलाल लोधी 15 अक्टूबर को अपनी पत्नी राजकुमारी लोधी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर तिगमा से पथराड़ी पिपरिया स्थित रिश्तेदार के घर जा रहे थे। दोपहर करीब 2:15 बजे जब वे लांघा नदी के रपटे के पास पहुंचे, तभी पीछे से काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक उनके पास आए।आरोप है कि युवकों ने रास्ता पूछने के बहाने बाइक उनके बगल में लगाई और पीछे बैठे युवक ने राजकुमारी लोधी के गले से लॉकेट की माला झपट ली। अचानक हुई इस घटना से दंपति मोटरसाइकिल सहित गिर पड़े। गिरने से राजकुमारी के सिर के पिछले हिस्से में चोट आई और खून निकलने लगा। वारदात के बाद तीनों युवक पथराड़ी पिपरिया की ओर भाग निकले। कोदूलाल लोधी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम पौड़ी, थाना बहोरीबंद निवासी कपिल मिश्रा (21 वर्ष), पिता महेश मिश्रा, और शिवम उर्फ युवराज खम्परिया (20 वर्ष), पिता राम मिलन खम्परिया को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक MP21 ZD 1822 भी जब्त की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय कटनी में पेश किया गया है। मामले में शामिल एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

नशे में था चालक, बस किया जब्त

कटनी। बड़वारा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान शराब के नशे में बस चला रहे चालक को पकड़कर बस जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार 16 अक्टूबर को पेट्रोलिंग के दौरान कटनी की ओर से आ रही गहरवार कंपनी की यात्री बस क्रमांक MP 54 ZC 9977 तेज गति से एवं लापरवाही पूर्वक लहराते हुए चलती



दिखाई दी। पुलिस टीम ने तत्काल बस को रुकवाकर चालक की जांच की। ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच करने पर चालक कुलदीप विश्वकर्मा 30 वर्ष निवासी डीघी, थाना बरही, द्वारा शराब का सेवन किए जाने की पुष्टि हुई। जांच के दौरान चालक शराब के नशे में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां लेकर बस चलाता पाया गया। बस में दर्जनों यात्री सवार थे। यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतरवाया तथा उनके गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराई। इसके बाद बस क्रमांक MP 54 ZC 9977 को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया। पुलिस द्वारा चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। प्रकरण के निराकरण हेतु इस्तगासा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया

नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र का हुआ शुभारंभ, कराया कन्याभोज



स्लीमनाबाद की समीपस्थ ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा मे शुक्रवार को नवीन आँगनबाड़ी भवन क्रमांक 3 का शुभारम्भ हुआ!आँगनबाड़ी का शुभारम्भ डिप्टी कलेक्टर विवेक पटेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया!इसके बाद कन्या पूजन कर कन्या भोज कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी कलेक्टर विवेक पटेल नें कहा कि महिलाओं को सम्मान देने वाला समाज ही आगे बढ़ता है! बेटियां अपने जीवन में दो परिवारों को सुसंस्कृत, शिक्षित और समृद्ध बनाती है। धर्म ग्रन्थों में भी उल्लेख है कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान सामाजिक दिशा देने वाला कार्यक्रम है। विकास और कल्याण के कार्यों में महिलाओं की जब तक बराबर की भागीदारी नहीं होगी, तब तक विकास की सम्पूर्णता हासिल नहीं की जा सकती !महिला जननी भी होती है, जो मनुष्य को जन्म देकर सृष्टि का निर्माण करती है! बेटियां दो कुलों और दो परिवारों को संस्कार देकर समृद्ध बनाती है। बेटियां घर और परिवार की शान और शोभा है !इसके साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी गई! आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति भी यही कहती है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता !इस दौरान पर्यवेक्षक, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की उपस्थिति रही।

कलेक्टर ने शैक्षणिक गतिविधियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने शासकीय हाईस्कूल बिजौरी का निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, पढ़ाई की व्यवस्था और शिक्षा पद्धति की जानकारी लेते हुए विद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसपी अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम कटनी जितेन्द्र पटेल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर निरंतर निगरानी रखने तथा कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने शाला प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों के नियमित अंतराल पर टेस्ट आयोजित किए जाएं, जिससे उन्हें परीक्षा की तैयारी का पर्याप्त अभ्यास मिल सके। उन्होंने कहा कि लगातार अभ्यास से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और उनके मन में परीक्षा के प्रश्न-पत्र को लेकर जो डर या झिझक है, वह भी दूर होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई से संबंधित जानकारी भी ली और बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

सरकारी मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर विरोध गहराया, सांसद सहित 4 विधायकों का फूंका पुतला

कलेक्ट्रेट के पास बीते 14 दिनों से चल रहा धरना , मांग पूरी होने तक रहेगा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग को लेकर चल रहे कटनी एक्शन कमेटी के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट गेट के सामने स्थानीय सांसद और जिले के चार विधायकों के पुतले जलाए। कमेटी के अनुसार जिले में इस मांग को लेकर पिछले 14 दिनों से कलेक्ट्रेट के पास धरना दिया जा रहा है। कमेटी का कहना है कि जब तक पूरी तरह सरकारी मेडिकल कॉलेज की मांग पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदर्शनकारियों ने सांसद वी.डी. शर्मा, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक, बहोरीबंद





विधायक प्रणय प्रभात पांडे और बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह के पुतले जलाए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान सरकारी मेडिकल कॉलेज को लेकर किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं। प्रदर्शन में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। हालांकि, उनकी संख्या की आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है।

कमेटी के अनुसार, विधानसभा चुनाव के दौरान कटनी में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने का वादा किया गया था। प्रदर्शनकारियों का विरोध PPP (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाने के विकल्प को लेकर है। आंदोलनकारियों का तर्क है कि PPP मॉडल के तहत कॉलेज की सेवाएं गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए महंगी हो सकती हैं। उनका कहना है कि पूरी तरह सरकारी मेडिकल कॉलेज बनने से लोगों को किफायती स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। कमेटी ने सरकार से कटनी में पूरी तरह सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की मांग की है।

डोलोमाइट के वैल्यू एडिशन, औद्योगिक कॉरिडोर के विकास पर जोर

कटनी को मिनरल और औद्योगिक हब बनाने की करें पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले को प्रदेश का प्रमुख खनिज एवं औद्योगिक केंद्र बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने खनिजों के वैल्यू एडिशन, नए उद्योगों की स्थापना और औद्योगिक बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत रूपौंध स्थित जे.के. सीमेंट संयंत्र परिसर में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों और खदान संचालकों से संवाद कर निवेश एवं औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर चर्चा की।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम जितेन्द्र पटेल, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती ज्योति सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बढ़ेंगे उद्योग और रोजगार

कटनी जिले में डोलोमाइट, चूना पत्थर, मार्बल और फर्शी पत्थर जैसे खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। बैठक में डोलोमाइट के रासायनिक संघटन, क्रशिंग साइज और सिलिका प्रतिशत के आधार पर कांच, सीमेंट, स्टील, उर्वरक, डिटर्जेंट, रसायन एवं फार्मास्यूटिकल उद्योगों में इसके बेहतर उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने खदान स्तर पर अल्ट्रा-फाइन ग्राइंडिंग और माइक्रोनिक प्लांट स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने पर जोर दिया। इससे परिवहन लागत कम होने, खनिजों के वैल्यू एडिशन और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

उद्यमियों ने जिले में पेंट उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पेंट क्लस्टर स्थापित करने की आवश्यकता बताई। कलेक्टर ने महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए। खदान क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण, भारी वाहनों की सुगम आवाजाही और बिजली कटौती की समस्या भी उठाई गई। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग तथा विद्युत कंपनी के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण और बिजली आपूर्ति सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

निवेश प्रस्ताव और औद्योगिक कॉरिडोर को मिलेगा प्रोत्साहन

कलेक्टर ने राजस्व एवं उद्योग विभाग को औद्योगिक क्लस्टर कॉरिडोर, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक पार्क की संभावनाओं पर प्रस्ताव तैयार करने को कहा। खदान संचालकों एवं निवेशकों से विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए, ताकि आवश्यक अनुमतियों और शासकीय सहयोग की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को ध्यान में रखते हुए निवेश प्रस्ताव तैयार करने पर भी जोर दिया गया।

डंप की गई 200 घनमीटर रेत किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में रेत के अवैध उत्खनन और भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग ने ग्राम बछरवारा में कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर डंप लगभग 200 घन मीटर ताजी रेत जब्त की है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खनिज विभाग की टास्क फोर्स ने तीन दिन तक निगरानी करने और ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद बीती रात दबिश दी।

खनिज विभाग की टीम पिछले तीन दिनों से गुड़ादेवरी, खरहटा सहित आसपास के नदी घाटों और रेत परिवहन के संभावित मार्गों पर नजर रख रही थी। सूचना की पुष्टि के बाद ग्राम बछरवारा में मुख्य सड़क किनारे शासकीय भूमि पर बड़ी मात्रा में ताजी रेत का अवैध भंडारण पाए जाने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जेसीबी और हाइवा वाहनों की मदद से रेत को हटवाया गया। जब्त की गई लगभग 200 घन मीटर रेत को जेके सीमेंट फैक्ट्री परिसर में सुरक्षित अभिरक्षा में रखवाया गया। वहीं, शेष रेत को मौके पर ही नष्ट कराया गया, ताकि अवैध भंडारण की स्थिति समाप्त की जा सके।

उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि जब्त रेत को शासन के पक्ष में राजसात करने की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण से जुड़े मामलों में निर्धारित कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध रेत कारोबार पर निगरानी रखी जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन और शासकीय भूमि पर अनधिकृत भंडारण के मामलों में कार्रवाई जारी रहेगी।

खबर संक्षेप

चाकू लेकर घूम रहे तीन आरोपित हुये गिरफ्तार

कटनी। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने हथियार लेकर घूम रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मुड़वारा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एक युवक को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा गया। पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपी के पास से बटनदार चाकू बरामद हुआ। आरोपित ओम आकाश चौधरी 20 वर्ष निवासी आबकारी मोहल्ला, रबर फैक्ट्री रोड के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है। इसी तरह एनकेजे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शासकीय स्कूल डाइट के पास एक संदिग्ध को धर दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक लोहे का धारदार चाकू मिला। आरोपित किशन उर्फ राजा दुबे 27 वर्ष निवासी ग्राम जुहली के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत कार्रवाई की है। वहीं रंगनाथ नगर पुलिस ने मदन मोहन चौबे वार्ड में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अन्य आरोपी को दबोचा जो घातक हथियार लेकर घूम रहा था। आरोपी के पास से एक लोहे का नुकीला एवं धारदार बका जब्त किया गया है। आरोपित राजू अठ्या 50 वर्ष निवासी कचनार सिटी, माढ़ोताल, जिला जबलपुर के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

नाबालिग बालिका दस्तयाब

विजयराघवगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ अभिषेक चौबे के नेतृत्व में पुलिस ने लापता नाबालिग को दस्तयाब कर लिया हे। पुलिस के अनुसार 06/05/2026 को थाना क्षेत्र की नाबालिंग लड़की बिना बताये कहीं चले जाने की रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों के लगातार निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर नाबालिंग बालिका की दस्तयाबी हेतु पुलिस टीम तैयार की गई। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे द्वारा द नाबालिंग बालिका की दस्तयाबी हेतु पृथक-पृथक पुलिस टीम तैयार की गई। पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की तलाश करते हुये दिनांक 16/10/2026 को सफलता प्राप्त कर नाबालिग बच्ची को सकुशल दस्तयाब किया और उसके माता पिता के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में टीआई अभिषेक चौबे, सउनि विक्रम सिंह, प्रधान आरक्षक श्याम दास महिला आरक्षक जयंती, सायबर टीम के आरक्षक अमित की भूमिका रहीं।

छेड़छाड़ के आरोपी को दो वर्ष का सश्रम कारावास



कटनी। घर में घुसकर बुरी नियत से महिला के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटनी की न्यायालय ने 2 वर्ष के कारावास एवं जुर्माना से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार बड़वारा थाना अंतर्गत 20 अक्टूबर 2018 को पीडिता द्वारा थाना बड़वारा में आवेदन पेश कर शिकायत की गई कि 19 अक्टूबर 2018 को शाम करीब 7.30 बजे उसके घर वाले दशहरा देखने गये थे। पीडिता घर के बाहर अकेली बैठी थी तभी अभियुक्त राजेन्द्र नायक अपने छत से पीडिता को गंदे गंदे इशारे करने लगा । इस कृत्य से आहत होकर पीडिता अपने घर के अंदर जाने लगी तभी अभियुक्त उसके घर आकर उसका हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ किया। पीडिता द्वारा थाना बड़वारा में उक्त घटना की रिपोर्ट की गई। जिस पर अभियुक्त के विरूद्ध धारा 354, 452 भादवि में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण में विचारण दौरान माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों से सहतम होते हुये अभियुक्त राजेन्द्र नायक 46 वर्ष निवासी ग्राम भजिया को धारा 345 , 452 भादवि में 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं 500 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया । मामले में शासन की ओर से अभियोजन का संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमरे द्वारा किया गया।


नवरात्र पर्व पर बह रही भक्ति की बयार, ग्रामीण अंचलों में जगह जगह पंडालों में स्थापित मातरानी के विविध रूपों वाली प्रतिमाएं


बड़ी महाकाली बस स्टेंड बचैया।


राय चौराहा बचैया।


देसाई माई बस स्टैण्ड बचैया।


देसाई माई समिति बचैया।


पटेल मोहल्ला बचैया


शिव चौक सिलौंडी।


झंडा चौक सिलौंडी।


श्री राधा कृष्ण मंदिर काछी याना मोहल्ला सिलौंडी।


श्री राम मंदिर सिलौंडी।


बस स्टैंड सिलौंडी।

कलेक्टर ने किसानों से नरवाई प्रबंधन पर किया संवाद, यंत्रों का उपयोग करने किया प्रेरित

पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के तहत दिलाएं भूमि का मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम पंचायत मझंगवा पहुंचकर किसानो से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से धान की कटाई और नरवाई प्रबंधन पर चर्चा करते हुये किसानों से नरवाई नहीं जलाने तथा फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए सुपर सीडर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने स्वामित्व योजना की प्रगति कर जायजा लेते हुए पात्र हितग्राहियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम कटनी जितेन्द्र पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा की। जिस पर पटवारी आशीष मिश्रा ने बताया कि योजना के अंतर्गत अब तक 45 हितग्राहियों की ई-केवायसी पूरी की जा चुकी है। ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से योजना का कार्य किया जा रहा है तथा शेष कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि स्वामित्व योजना के पात्र हितग्राहियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया प्राथमिकता से शीघ्र पूरी कराई जाए, ताकि उन्हें उनकी भूमि का विधिवत मालिकाना हक मिल सके।

कलेक्टर ने किसानों से संवाद करते हुये धान की खेती एवं फसल की स्थिति की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि धान की कटाई शुरू होने में अभी लगभग 15 दिन का समय लगेगा। इस पर कलेक्टर ने फसल कटाई के बाद नरवाई का उचित प्रबंधन करने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है, इसलिए किसान इससे बचें और कृषि अवशेषों के प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाएं।

कलेक्टर ने किसानों को सुपर सीडर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इन यंत्रों से फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने और खेतों में मिट्टी की नमी बनाए रखने में मदद मिलती है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के साथ खेती को टिकाऊ बनाने के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया।

संगोष्ठी में किसानों को नरवाई जलाने के बताये दुष्प्रभाव



कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बड़वारा में नरवाई प्रबंधन संबंधित किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें क्षेत्र के किसानों को नरवाई को जलाने से खेत भूमि, हवा एवं वातावरण में होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। नरवाई का सही तरीके से प्रबंधन करने के तरीके, सुपर सीडर और हैप्पी सीडर द्वारा रबी की बोवाई के बारे में विस्तार से चर्चा की गई । नरवाई जलाते हुए पाये जाने पर किसानों को अर्थदंड की जानकारी दी गई जिसमें 2 एकड़ तक भूमि पर 2500, 2 से 5 एकड़ भूमि पर 5000 और 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 15000 रूपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदंड देय होगा ।उपसंचालक कृषि प्रतिभा गौर ने कहा कि आज बड़वारा से किसानों की जागरूकता के लिए नरवाई प्रबंधन संबंधित किसान संगोष्ठी का आयोजन शुरू किया गया है यह आयोजन हर पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिससे किसानों को नरवाई न जलाने और उसका प्रबंधन कर भूमि की उर्वरशक्ति को बढ़ाने हेतु मार्गदर्शन किया जावेगा । परियोजना संचालक आत्मा रजनी चौहान ने नरवाई प्रबंधन में उपयोग होने वाले कृषि यंत्रों जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर और अन्य यंत्रों का उपयोग का तरीका, उनके लाभ और कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर प्राप्त करने की प्रक्रिया बताई ।वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बड़वारा आर के रावत ने किसानों को नरवाई न जलाने की अपील करते हुए उसके प्रबंधन के अन्य तरीके बताए।

माताराणी के दरबार मे उमड़ रही भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शक्ति की उपासना का पर्व शारदेय नवरात्र की स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे धूम मची हुई है।देवी मन्दिरो से लेकर पंडालों तक भक्तिमय धार्मिक वातावरण बना हुआ है।प्रतिदिन सुबह से माताराणी के दर्शन के लिए भक्त देवी मंदिरों मैं पहुँच रहे है।माताराणी को जल अर्पित कर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे है।वही सार्वजनिक समितियों के माध्यम से पंडालों मैं विराजित देवी प्रतिमाओं की झांकिया लोगो के मन को आकर्षित कर रही है।

देवी प्रतिमाओं की झलक देखने रात्रि के समय भक्तो का सैलाब पंडालों मैं उमड़ रहा है।वही ग्राम पंचायत प्रांगण मैं चल रही रामलीला का मंचन देखने लोगो की भीड़ उमड़ रही है।वही बाल कलाकारों के द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां दी जा रही है।वहीं स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मैं देवी भागवत नवाहयज्ञ चल रहा है!जहाँ देवी कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। सिंहवाहिनी माता का प्रतिदिन भव्य श्रंगार किया जा रहा है!जिससे माताराणी की प्रतिमा के दर्शन के लिए भक्त पहुंच रहे है।

देवी भजनो की प्रस्तुति

शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर स्लीमनाबाद स्थित नगर सेठानी तिराहा, नगर महारानी, नवयुवा दुर्गा समिति, आजाद चौक, गणेश चौक ओर संगम नगर मै प्रतिदिन सायंकालीन माँ दुर्गा की भव्य आरती हो रही है जिसमें बड़ी संख्या मै भक्तों का सैलाब आरती मै शामिल हो रहा है साथ ही देवी भजनो की शानदार प्रस्तुतियाँ दी जा रही है जिससे लोग मंत्रमुग्ध हो रहे!साथ ही महिलाओं के द्वारा भी देवी गीतों ओर रामायण के कार्यक्रम किये जा रहें है।

हायर सेकेण्डरी स्कूल देवरी मवई का मामला, डीईओ को भेजा जाच प्रतिवेदन

प्रभारी प्राचार्य को स्कूल से हटाए, नहीं तो करेंगे विरोध प्रदर्शन, विद्यार्थियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल देवरी (मवई)मे दो माह पहले स्थानांतरण होकर आई माध्यमिक शिक्षक लक्ष्मी चक्रवर्ती जो कि वर्तमान मे प्रभारी प्राचार्य का जिम्मा संभाल ले रहें अब विवादों मे घिर गई है।प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मी चक्रवर्ती को स्कूल से हटाने स्वयं स्कूल मे अध्ययनरत विद्यार्थियों नें मोर्चा खोल दिया है ओर विद्यार्थियों मे आक्रोश देखा जा रहा है। प्रभारी प्राचार्य के सामने ही विद्यार्थियों नें प्राचार्य की पोल खोल कर रख दी।

विद्यार्थियों नें कहा प्राचार्य मेडम स्कूल आती है ओर अपनी उपस्थिति लगाकर गायब हो जाती है। घंटे दो घंटे मे फिर आती है ओर फिर कही चली जाती है। उनका यह सिस्टम प्रतिदिन चलता है। साथ ही अगर विरोध करो तो विद्यार्थियों को धमकी डराती है। प्राचार्य की कार्यप्रणाली ठीक नहीं है,जिससे विद्यार्थी परेशान है। प्राचार्य की कार्यशैली से शिक्षा व्यवस्था स्कूल मे प्रभावित होती है। इसलिए शिक्षा विभाग के अधिकारी प्राचार्य लक्ष्मी चक्रवर्ती को हटाए नहीं तो विद्यार्थी सड़क पर आकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

गत दिनों देवरी (मवई) हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र -छात्राओं नें प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मी चक्रवर्ती को हटाने को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया था जिसका वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी नें मामले की जाँच कराई थी जिसमें प्राचार्य की लाफ़रवाही मिली ओर विद्यार्थियों का विरोध प्राचार्य के खिलाफ पाया गया लेकिन सप्ताह भर तक जाँच रिपोर्ट बीईओ कार्यालय मे ही रखी रही। शुक्रवार को जब मीडिया हकीकत जानने देवरी (मवई) स्कूल पहुंची तो फिर विद्यार्थियों नें प्रभारी प्राचार्य को हटाने को लेकर विरोध जताया ओर अन्य शिकायते की जिसके बाद शुक्रवार को बीईओ बहोरीबंद नें जाँच प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को भेजा। इस संबंध मे प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मी चक्रवर्ती का कहना था कि स्कूल के विद्यार्थी क्यों विरोधाभास जता रहें है मुझे स्वयं कुछ पता नहीं है। वही विकासखंड शिक्षा अधिकारी ज्ञानेश कुलेश का कहना था कि देवरी हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों नें प्राचार्य को हटाने को लेकर विरोध जताया था!जिसके बाद मामले की जाँच कराई गईं थी!

दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा

श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु, निकाली गई बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



बस स्टैंड स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ प्रस्तुत किया गया।

कथावाचक ज्ञानेश महाराज ने अपनी मधुर वाणी से विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान कथा पंडाल में भक्तिमय वातावरण बना रहा और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कथा के दौरान ज्ञानेश महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह की कथा सुनाते हुए उनके प्रेम, समर्पण, भक्ति और अटूट विश्वास का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को धर्म के मार्ग पर चलने, अच्छे कर्म करने और भगवान के प्रति श्रद्धा बनाए रखने की प्रेरणा देती है। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से हमें प्रेम, करुणा, धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की सीख मिलती है। कथा श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिभाव से कथा का आनंद लिया।ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई बारातभगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह प्रसंग को यादगार बनाने के लिए आयोजन समिति द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। विवाह उत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की भव्य बारात निकाली गई। बारात में ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। भक्तों ने संगीत की धुन पर जमकर नृत्य किया और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। विवाह प्रसंग के दौरान महिलाओं, पुरुषों और अन्य श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरा दुर्गा मंदिर प्रांगण धार्मिक उल्लास से सराबोर नजर आया।

धार्मिक रीति-रिवाजों से संपन्न हुआ विवाह

बारात के आयोजन के बाद भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार धूमधाम से संपन्न कराया गया। विवाह की रस्मों के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति और श्रद्धा के साथ सहभागिता की। भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर कथा स्थल पर भक्ति, संगीत और धार्मिक उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

मां दुर्गा के स्वरूपों में बच्चों ने दी मोहक प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज: बरही तहसील अंतर्गत ग्राम करौंदी खुर्द स्थित सुधा स्मृति स्कूल में शुक्रवार को गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरही तहसीलदार आदित्य द्विवेदी रहे, जबकि जनपद अध्यक्ष बड़वारा श्रीमती सुधा घनश्याम जायसवाल विद्यालय के प्राचार्य आर.के. ऊरमलिया सहित विद्यालय परिवार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुतियों, पारंपरिक वेशभूषा और शानदार गरबा नृत्य से उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति, उल्लास और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की जीवंत झलक रही। नन्हे-मुन्ने बच्चे देवी के विभिन्न स्वरूपों की आकर्षक वेशभूषा धारण कर विद्यालय पहुंचे। "वीणा वादिनि मैं तेरी वंदना करूँ" और भोजपुरी गीत "माई डोली चढ़ी चली सेवक घरवा" के साथ शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं से सजे इस आयोजन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगी पोशाकों, भक्तिमय संगीत और तालबद्ध नृत्य ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों के उत्साह, आत्मविश्वास और कलात्मक प्रतिभा की अतिथियों ने जमकर सराहना की। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों ने भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा को खूबसूरती से

आम सूचना

मैं विजय कुमार ताम्रकार चन्द्र स्व. लक्ष्मी प्रसाद ताम्रकार आयु लग: 73 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक-1 सुभाष वार्ड विजयराघवगढ़ तह. विजयराघवगढ़ जिला कटनी म. प्र. का स्थायी निवासी हूँ एवं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि खसरा नंबर 10/2, 106/2, 110/1, 122/2, 123/2, 218/2, 238/2 242/2 244/2, 245/2, 249/2, 251/2, रकवा कमश: 0.35, 0.20, 0.09, 0.02, 0.05, 0.06, 0.06, 0.08, 1.03, 0.07, 0.09, 0.05 है कृषि प्रयोजन हेतु भूमि ग्राम सलैया पहरहाई प.ह.न. 2/8 रा. नि. मडल विजयराघवगढ़ तह वि. गढ़ जिला कटनी मप्र में स्थित है जिसका वाद प्रकरण माननीय व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ खण्ड के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश विजयराघवगढ़ जिला कटनी में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूमि का क्रय, विक्रय, वसीयत, दान पत्र आदि शून्य माना जायेगा मेरी जानकारी सत्य है ।

शपथकर्ता
विजय ताम्रकार

जिले में जगह जगह मां जगतजननी की अदभुत झांकियां, माताराणी के दर्शनार्थ उमड़ रहे श्रद्धालु



हटा। रामगोपाल जी वार्ड में विराजी माताराणी



हटा। तीन बत्ती तिगड्डा पर विराजी माताराणी



पथरिया। वार्ड क्रमांक 13 विराजमान महाकाली



पथरिया। बड़े तालाब दमोह रोड पर



कुण्डलपुर। चक्की मुहल्ला में विराजी मां

सिंगर कनिका दुबे के गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों से गूंज उठा परिसर

गरबा के साथ की माताराणी की आराधनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपकाशी गरबा महोत्सव समिति द्वारा सुसज्जित आकर्षक दद्दा कला मंच पर तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन विधायक उमादेवी खटीक के संरक्षण में आयुष खटीक की टीम के नेतृत्व में किया गया जिसका भव्य रंगारंग समापन शनिवार की रात्रि प्रदेश की प्रसिद्ध गरबा सिंगर कनिका दुबे की कोकिला मधुर आवाज में माताराणी के गरबा गीतों के साथ प्रतिभागियों ने आकर्षक रंग-बिरंगी चनिया चोली परिधानों मैं सज धज कर एक से बढ़कर एक नृत्य कर रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि



भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व मंत्री राजा पटेरिया, मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक उमादेवी लालचंद खटीक, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, सौरभ नेमा, अनुराग वर्धन हजारी सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर भारत माता की आरती कर गरबा नृत्य के साथ किया गया। तीन दिन तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन शाम 8 बजे से गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। पारंपरिक संस्कृति वेशभूषा और गरबा की रंग-बिरंगी छटा से सजे इस आयोजन में बालिकाओं, युवतियों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मां दुर्गा की आराधना की। कनिका दुबे के गरबा गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों और विशेष रूप से डांडिया गरबा की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस गरबा महोत्सव की छटा से ऐसा लग रहा है जैसे हटा शहर माता की भक्ति का शहर हो गया हो। पूरे आयोजन के दौरान माता रानी की भक्ति, स्तुति और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा, गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों और प्रतिभागियों के उत्साह ने गरबा समापन कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

सप्तमी के दिन हुई माता कालरात्रि की पूजा-अर्चना



तेंदूखेड़ा। शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन शनिवार को नगर के विभिन्न देवी मंदिरों एवं पूजा पंडालों में माता कालरात्रि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हाथों में जल लेकर माता के दर्शन एवं जल अर्पित करने पहुंचे। मंदिरों में माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि नवरात्रि के सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की पूजा की जाती है। माता कालरात्रि को महायोगिनी और महायोगिश्वरी भी कहा जाता है। उनका स्वरूप भले ही उग्र माना जाता है, लेकिन वे अपने भक्तों का सदैव कल्याण करती हैं, इसी कारण उन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। माता का वाहन गधा है तथा उनके तीन नेत्र और हाथों में खड्ग आदि आयुध हैं। उन्होंने बताया कि सप्तमी की रात्रि को साधना और सिद्धियों की दृष्टि से विशेष माना जाता है। माता कालरात्रि की उपासना से भय, नकारात्मक ऊर्जा और विभिन्न बाधाओं से मुक्ति मिलने की मान्यता है। श्रद्धालुओं ने माता की आरती कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।



सलैया में निकली विशाल चुनरी यात्रा

सिंगपुर। जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत सलैया बड़ी में नवरात्र के पंचम दिवस पर माता के दरबार से खेर माता मंदिर तक विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने शामिल होकर माता के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस दौरान पूरे गांव में भक्तिमय माहौल रहा।चुनरी यात्रा में पवन अग्रवाल, पवन सोनी, विमल अग्रवाल, राजकुमार, आनंद सोनी, फूल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

नरसिंहगढ़ में नवरात्र की धूम, जगह जगह विराजीं मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

नवरात्र पर्व पर नरसिंहगढ़ गांव भक्तिमय माहौल में डूबा है। गांव में 8 से 10 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। विभिन्न वार्डों में पूजा-अर्चना, आरती, कन्या पूजन, देसी भगत, बुंदेली लोकगीत और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उत्सव के दौरान नरसिंहगढ़ पुलिस चौकी द्वारा भी व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा रही है।



किला वाली माता के दरबार में वर्षों पुरानी परंपरा

गांव के प्रसिद्ध किला वाली माता मंदिर में वर्षों से दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है। बताया जाता है कि पूर्व सरपंच पंडित गुड्डा बिदौलिया ने यहां प्रतिमा स्थापना की परंपरा शुरू की थी, जिसे अब उनके छोटे भाई सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र बिदौलिया आगे बढ़ा रहे हैं। यहां श्रद्धालु परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के साथ पूजा-अर्चना करते हैं।

वार्ड-5 में तीन दशक से हो रहा आयोजन

वार्ड नंबर 5 में करीब 30 वर्षों से दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है। यहां पूर्व में रामलीला का मंचन भी होता रहा है। इस वर्ष छोटी-छोटी कन्याओं को नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपों में सजाकर उनका पूजन किया गया और आरती उतारी गई। आयोजन क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।



बुंदेली लोकगीत और देसी भगत ने बांधा समां

वार्ड नंबर 4 में पवन प्रणामी की संगीत मंडली ने देसी भक्ति, बुंदेली लोकगीत और भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक चले कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। वहीं पुराना बाजार में क्षेत्रीय कलाकारों ने पारंपरिक शैली में देसी भगत प्रस्तुत की। कृष्ण मंदिर के पास, वार्ड नंबर 20 में पशु चिकित्सालय के नजदीक और तुल्लू झरिया के पास स्थापित माता के दरबारों में भी धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।

सद्भाव की मिसाल

वार्ड नंबर 2 में पिछले चार-पांच वर्षों से दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है। आयोजन की खास बात यह है कि मुस्लिम समाज के लोग भी इसमें सहयोग करते हैं और नौ दिनों तक सेवा में भागीदारी निभाते हैं। यह सहभागिता गांव में आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश दे रही है। नवरात्र के दौरान गांव के विभिन्न पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक आयोजनों से नरसिंहगढ़ में उत्सव का माहौल है। यहां नवरात्र पर्व धार्मिक आस्था के साथ बुंदेली लोक संस्कृति और सामाजिक एकता की झलक भी प्रस्तुत कर रहा है।

मां की आराधना भारतीय संस्कृति में सर्वोपरि : सांसद राहुल सिंह



दमोह। शारदीय नवरात्र के पंचम दिवस शिवनगर दमोह में आयोजित दुर्गा उत्सव में दमोह लोकसभा क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी शामिल हुए। उन्होंने जगत जननी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया और गरबा उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां की आराधना को सर्वोपरि माना गया है। मां की भक्ति से जीवन के दुख-कष्ट दूर होते हैं और भक्तों को शक्ति, समर्पण व सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष संजय पाठक, सचिव महेंद्र राय एवं आलोक गोस्वामी सहित समिति के सदस्यों ने मां की चुनरी ओढ़ाकर सांसद का सम्मान किया। सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए विभिन्न समाजों की महिलाओं ने सामूहिक रूप से गरबा प्रस्तुत किया। बालिकाओं ने भी सांसद का स्वागत किया। इस दौरान शिव मंदिर के पुजारी अमित समदड़िया सहित पूरन राय, भरत समदड़िया, अशोक पाठक, रिंकू जैन, विद्याधर मिश्र, हरेंद्र व्यास, नितिन श्रीवास्तव, प्रकाश राय, अमित नामदेव, सतीश असाटी, राहुल जैन, अंशु जैन, रोहित जैन, सपन साहू, शैलेंद्र जैन, अक्कू राय, विक्रम राजपूत सहित शिवनगर के नागरिक एवं महिला मंडल उपस्थित रहे।

स्कूल में देवी स्वरूप बालिकाओं की आरती उतारी



तेजगढ़। तेजगढ़ से दो किलोमीटर दूर ग्राम पड़रिया की माध्यमिक शाला में नवरात्रि की अष्टमी पर कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं को मां चंद्रघंटा और मां शैलपुत्री के स्वरूप में सजाया गया। विद्यार्थियों ने देवी स्वरूप बालिकाओं की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी और भजन प्रस्तुत किए।शिक्षक महेंद्र कुमार दीक्षित ने कन्या पूजन और नवरात्रि की महत्ता बताते हुए बालिकाओं को मां-बहन के समान सम्मान देने की सीख दी। वहीं निगम सर और मैडम सोनाली दुबे ने भी नवरात्रि एवं कन्या पूजन की परंपरा पर विचार रखे। कार्यक्रम में मंगल गौरी की आरती भी की गई।विद्यालय में पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय में बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से रक्षाबंधन, जन्माष्टमी सहित विभिन्न त्योहार भी मनाए जाते हैं। आगामी दिनों में दीपावली का पर्व भी विद्यालय परिसर में मनाया जाएगा।

नशामुक्ति की ली शपथ



दमोह। टाइम्स कॉलेज में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान का समापन नशामुक्ति की शपथ के साथ हुआ। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक जागरूकता एवं जनसेवा गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया। समापन दिवस पर एनएसएस स्वयंसेवकों सहित छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण, डिजिटल साक्षरता और भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर चित्रकारी के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। इसके बाद महाविद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों ने नशामुक्ति की शपथ लेकर समाज को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। महाविद्यालय के डायरेक्टर एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

मालवाहक वाहनों में सवारियां बैठाकर ले जाने पर कार्रवाई

तेंदूखेड़ा। सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से शनिवार को तारादेही पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर के नेतृत्व में तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरपुडे ने यह कार्रवाई की। जांच के दौरान दो पिकअप वाहनों में प्रतिबंधित के बाद भी मजदूरों को ठूंस-ठूंसकर ले जाया जा रहा था, जो कि मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है थाना प्रभारी ने दोनों पिकअप वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया और मजदूरों को उतारकर अन्य वाहन से उनके गंतव्य तक भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि एक दिन पहले ही चालकों को नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई थी, लेकिन लगातार उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई की गई है इस कार्रवाई में तारादेही पुलिस स्टाफ की अहम भूमिका रही। तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरपुडे ने लोगों से अपील की है कि पिकअप, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य मालवाहक वाहनों में बैठकर यात्रा न करें। ऐसे वाहनों में यात्रा करना नियम विरुद्ध होने के साथ-साथ दुर्घटना में गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।



हरदुआ सुम्मेर सिंह में थम नहीं रहीं चोरियां

बनवार /दमोह। जिले के जबेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदुआ सुम्मेर सिंह में मवेशी चोर गिरोह का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गांव से लगातार हो रही भैंस चोरी की वारदातों से आक्रोशित और परेशान ग्रामीणों का सब्र शनिवार को जवाब दे गया।



शाम करीब 4 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एसपी आनंद कलादगी के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया को ज्ञापन सौंपकर चोरों को जल्द गिरफ्तार करने तथा मवेशी बरामद करने की गुहार लगाई। पीड़ित किसान कुंजीलाल यादव ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि उनकी 7 भैंसें चोरी हुई थीं। घटना को तीन महीने का लंबा समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि अकेले हरदुआ सुम्मेर सिंह गांव से ही अब तक कुल 42 भैंसें चोरी हो चुकी हैं। इतनी बड़ी संख्या में मवेशी पार होने के बावजूद एक भी मामले में बरामदगी न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण तरवर सिंह ने पुलिस कार्रवाई में हो रही देरी और ढिलाई पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गांव वाले लगातार थाने और पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका है। मवेशी चोरी होने से कई किसानों और पशुपालकों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

धनुष यज्ञ, श्रीराम विवाह और केवट प्रसंग ने मोहा दर्शकों का मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

नगर के पीडब्ल्यूडी मैदान में संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय श्रीरामलीला उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार, 16 अक्टूबर को धनुष यज्ञ, श्रीराम विवाह, वनगमन और केवट प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। बाहर से आए कलाकारों ने शानदार अभिनय और प्रभावी संवादों के माध्यम से श्रीराम कथा के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। रामलीला देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत धनुष यज्ञ के प्रसंग से हुई। राजा जनक के दरबार में आयोजित धनुष यज्ञ में भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष उठाकर उसका भंग किए जाने का दृश्य देखकर दर्शक जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठे। इसके बाद



श्रीराम और माता सीता के विवाह का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। विवाह प्रसंग के दौरान पूरा मैदान भक्तिमय वातावरण में नजर आया। रामलीला के अगले प्रसंग में भगवान श्रीराम के वनगमन की कथा का मंचन किया गया। कलाकारों ने राजा दशरथ की विवशता, माता कैकेयी के वरदान और श्रीराम के वन जाने के निर्णय को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद वन जाते समय श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के गंगा तट पहुंचने तथा केवट द्वारा भगवान श्रीराम को नाव से नदी पार कराने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। केवट प्रसंग ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर एसडीएम सीजी गोस्वामी, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष संत कुमार पाल, सांसद प्रतिनिधि ठाकुर मूरत सिंह सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश जैन ने कहा कि श्रीरामलीला जैसे धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। आयोजकों ने बताया कि श्रीरामलीला उत्सव 15 से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से पीडब्ल्यूडी मैदान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में खासा उत्साह है।

पथरिया नगर में जगह जगह मां जगतजननी की अदभुत झांकियां, संध्या आरती में उमड़ रहे श्रद्धालु


पथरिया। संजय चौराहे पर विराजमान माताराणी


पथरिया। चौरसिया तिराहा पर विराजमान देवी प्रतिमा


पथरिया। यज्ञशाला प्रवेश द्वार के सामने विराजी मां


पथरिया। मां बाणेश्वरी देवी की प्रतिमा


पटेरा। पुरानी अस्पताल परिसर में विराजी माँ।

शारदेय नवरात्रि : अष्टमी आज

तप की धवल चेतना में समाहित शिवत्व का संयोग ही महागौरी

दमोह। साधना का मूल आधार तप, संयम और श्रद्धा है। साधक निरंतर पुरुषार्थ से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। योग के भीतर संयोग और तप के भीतर आत्मबोध , यही सिद्धांत माँ महागौरी के दिव्य स्वरूप में परिलक्षित होता है। पौराणिक आख्यानों के अनुसार, भगवान शिव को पतिरूप में प्राप्त करने के लिए माता पार्वती ने कठोर तपस्या की, जिससे उनका शरीर श्यामवर्ण हो गया। तपस्या पूर्ण होने पर भगवान शिव ने उन्हें गंगाजल से स्नान कराया, जिससे उनका स्वरूप गौरवर्ण एवं देदीप्यमान हो उठा। तभी वे माँ महागौरी के नाम से विख्यात हुईं। यह प्रसंग संदेश देता है कि तपस्या अंतःकरण के परिष्कार और चेतना के उत्कर्ष का माध्यम है।


श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम दमोह

महागौरी का स्वरूप साधक को प्रेरित करता है कि वह अज्ञान, विकार और कर्मबंधनों का परिमार्जन कर आत्मा को चंद्रमा के समान निर्मल बनाए। अष्टमी तिथि पर उनकी आराधना आत्मशुद्धि, चित्त की एकाग्रता और ब्रह्मविद्या की प्राप्ति का आध्यात्मिक मार्ग प्रशस्त करती है।

श्री भगवान वेदांताचार्य ने सत्संग में कहा कि वर्तमान युग में सनातन परंपराओं, संस्कारों और सिद्धांतों की रक्षा आवश्यक है। भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना की संवाहिका है। कन्यापूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि नारी के सम्मान, सुरक्षा और गरिमा का संकल्प है। कन्या का वास्तविक सम्मान तभी है, जब उसे सामाजिक जीवन में सुरक्षित एवं प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि हिमालयराज का पितृभाव प्रत्येक पिता के लिए प्रेरणास्रोत है। पिता का दायित्व अपनी कन्या के लिए सुरक्षा-कवच बनकर खड़ा होना है। यह उत्तरदायित्व केवल परिवार तक सीमित नहीं, बल्कि समूचे समाज का धर्म है। पुलिसकर्मी, अधिवक्ता, वाहनचालक अथवा सामान्य नागरिक—प्रत्येक व्यक्ति इस दायित्व का निर्वहन कर सकता है। भारतीय संस्कृति में माता-पिता दोनों पूजनीय हैं। शिव-पार्वती, सीता-राम और राधा-कृष्ण के युगल स्वरूप इसी समन्वित साधना के प्रतीक हैं, जहाँ प्रेम, शक्ति, मर्यादा और समर्पण का दिव्य संगम होता है। माँ महागौरी की आराधना हमें सिखाती है कि संयम से चित्त, श्रद्धा से संकल्प और सत्याचरण से जीवन निर्मल होता है। नवरात्रि में उनकी उपासना तभी सार्थक है, जब वह आत्मोत्थान, कन्या-सम्मान और राष्ट्रहित के संकल्प में परिणत हो। यही सनातन संस्कृति का जीवनदायी संदेश और साधना का वास्तविक प्रयोजन है।

ग्रामीणों की घेराबंदी से नाले में पलटी स्विफ्ट कार, 2 भैंसें मुक्त और 7 शातिर दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंग्रामपुर

दमोह जिले के तेंदूखेड़ा और जबेरा थाना के बीचों-बीच स्थित ग्राम दोनी (हनुमान मंदिर के थोड़ा आगे पुल के पास) में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात (लगभग 3 से 4 बजे के बीच) एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जबलपुर से आए शातिर भैंस चोरों को ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ और अदम्य साहस का परिचय देते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। इस संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने कुल 7 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि 2 भैंसों को सकुशल मुक्त करा लिया गया है।

पिकअप में लोड हो रही थीं भैंसें, ग्रामीणों ने की घेराबंदी

तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दोनी में हनुमान मंदिर के आगे पुल के पास एक पिकअप वाहन में मवेशी (भैंसें) लोड किए जाने की गुप्त भनक जैसे ही स्थानीय ग्रामीणों को लगी, उन्होंने बिना एक पल गंवाए मौके पर धावा बोल दिया। ग्रामीणों ने तुरंत पिकअप वाहन की चारों तरफ से घेराबंदी कर ली। हालांकि,


इस बीच पिकअप में सिर्फ 2 भैंसें ही लोड हो पाई थीं, जिन्हें ग्रामीणों ने सुरक्षित मुक्त करा लिया।

तिलगुवा में बिछा जाल

ग्रामीणों की अचानक घेराबंदी देखकर पिकअप वाहन के साथ आगे-पीछे चल रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार में सवार भैंस चोर वहां से भाग निकले। लेकिन सतर्क ग्रामीणों ने तुरंत अगले गांव तिलगुवा के लोगों को फोन पर सूचना दे दी। तिलगुवा के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर रास्ता पूरी तरह जाम कर दिया। तिलगुवा की तरफ से रास्ता बंद और ग्रामीणों का कड़ा पहरा देखकर चोर घबरा गए। वे भैंसाघाट के रास्ते भागने लगे और जंगलों में बचने का रास्ता तलाशते हुए वापस दोनी पुल के पास पहुंचे। आगे फिर से ग्रामीणों और ट्रैक्टर-ट्रॉली को देखकर वे हड़बड़ा गए। कार को तेजी से रिवर्स करते वक्त उसका पहिया पुल की पट्टी पर चढ़ गया और अनियंत्रित होकर स्विफ्ट कार सीधे नाले में जा पलटी।

पुलिस की संयुक्त कार्रवाई: 7 आरोपी गिरफ्तार

घटना की सूचना पहले ही सिंग्रामपुर पुलिस को दे दी गई थी। जैसे ही चोर भागकर सिंग्रामपुर पहुंचे, पुलिस ने एक ढाबे पर खाना खा रहे चोरों को धर दबोचा। तेंदूखेड़ा, जबेरा और सिंग्रामपुर पुलिस की इस संयुक्त और त्वरित कार्रवाई में कुल 7 शातिर भैंस चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस पूरी घटना में ग्रामीणों की एकजुटता और पुलिस के तालमेल की पूरे अंचल में जमकर सराहना हो रही है।

पुलिस का बयान

सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और वाहन सहित आरोपियों को हिरासत में लिया गया। चूंकि मामला तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र का है, इसलिए आरोपियों को तेंदूखेड़ा थाने ले जाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस की जांच आगे जारी है और पूछताछ पूरी होने के बाद क्षेत्र में हुई अन्य मवेशी चोरी की घटनाओं के संबंध में भी बड़े खुलासे होने की पूरी उम्मीद है।

सर्पदंश से मासूम की मौत, अंतिम यात्रा में दिखा सांप, लोगों में मची भगदड़

हटा। थाना क्षेत्र के रसीलपुर ग्राम में शुक्रवार की दोपहर तालाब किनारे खेलते समय एक 10 वर्षीय मासूम को सांप ने काट लिया जिसे इलाज हेतु सिविल अस्पताल हटा ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा उपचार उपरांत हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हटा पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार भूपेंद्र पटेल का 10 वर्षीय पुत्र भानु भालचंद्र रैकवार की घर के पास तालाब किनारे खेल रहा था इस दौरान अचानक सांप ने काट लिया जहां सिविल अस्पताल हटा में उपचार उपरांत जिला चिकित्सालय रेफर के दौरान उसकी मौत हो गई।

दाह संस्कार के लिए जाते समय दिखा सांप

गौरतलब है कि शुक्रवार की दोपहर बालक को खेलते समय जिस सांप के काटने से मौत हो गई थी उसका दाह संस्कार शनिवार की सुबह 10 बजे रसलपुर मुक्तिधाम में किया जा रहा था इस दौरान रास्ते में लोगों को सांप दिखाई दिया जिससे अंतिम संस्कार में जा रहे सैकड़ो लोगों में भगदड़ मच गई। और कुछ ही समय बाद वह सांप वहां से गायब हो गया तब उसका अंतिम संस्कार किया गया लेकिन अभी यहां आश्चर्य वाली बात यह है कि अंतिम संस्कार के बाद लोग अपने-अपने घर पहुंच गए उसके बाद जिस स्थान पर सांप ने बच्चे को काटा था वह सांप उसी जगह पर एक दीवाल की दरार में पुनः दिखाई दिया जिससे लोग दहशत में आ गए। तब गांव के जागरूक लोगों ने हटा से सांप का रेस्क्यू करने वाले अनमोल नामदेव को बुलाया जहां 3 घंटे की बड़ी मशक्कत से सांप का रेस्क्यू कर पकड़ लिया गया।

पुलिस इंस्पेक्टर बनने के बाद प्रथम बार अपने गांव पहुंचे ध्रुव उपाध्याय

गैसाबाद। विगत दिनों पुलिस विभाग में 7 th बटालियन में भोपाल शहर में सब इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त होने के बाद प्रथम बार अपने ग्रह ग्राम कचनारी पहुंचे 21 वर्षीय ध्रुव उपाध्याय का ग्रामीण जनों द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कचनारी क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंडित गोलू उपाध्याय ने अपने छोटे भाई सब इंस्पेक्टर ध्रुव उपाध्याय का तिलक करके उन्हें गले लगा कर शुभकामनाएं दी।



नवनियुक्त सब इंस्पेक्टर ध्रुव उपाध्याय ने चर्चा के दौरान संवाददाता को बताया कि मेरा मुख्य मकसद सत्यमेव जयते का पालन करते हुए देश हित और जनहित में कार्य करना होगा, पीड़ित परेशान एवं बेसहारों का सहारा बनने का में प्रयास करूंगा। इस अवसर पर ग्रामीण जनों ने एक छोटे से गांव में जन्मे ध्रुव उपाध्याय की कामयाबी पर हर्ष व्यक्त करते हुए फूलों की वर्षा करते हुए उनका स्वागत किया।

पुरानी रंजिश में तलवार से हमला, हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने चार दिन बाद आरोपी को पकड़ा, न्यायालय में किया पेश

दमोह। मुकेश कॉलोनी निवासी सूरज रैकवार (32) पर पुरानी रंजिश के चलते तलवार से हमला कर घायल करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी कृष्णा उर्फ छोटा चेतन अठ्या को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 13 अक्टूबर 2026 को आरोपी ने जान से मारने की नीयत से सूरज रैकवार पर तलवार से हमला किया था। फरियादी की शिकायत पर कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 897/26 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 17 अक्टूबर को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक मनीष कुमार, उपनिरीक्षक चंदन सिंह, आरक्षक भूपेन्द्र पाण्डेय और आरक्षक ओमकार पटैरिया की सराहनीय भूमिका रही।

कोडकाला के ऋषिकेश रजक का फील्ड असिस्टेंट पद पर चयन

पिता शिक्षक, भाई बैंक में असिस्टेंट मैनेजर; परिवार के सदस्यों की उपलब्धियों से बढ़ा गांव का गौरव



सिंग्रामपुर। कोडकाला निवासी बाबूलाल रजक के पुत्र ऋषिकेश रजक का भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR-CIFA) के अंतर्गत केंद्रीय मीठे पानी की जलीय कृषि संस्थान में फील्ड असिस्टेंट (क्षेत्र सहायक) पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है। परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने ऋषिकेश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ऋषिकेश रजक के पिता बाबूलाल रजक मध्य प्रदेश शासन में शिक्षक वर्ग-2 के पद पर कार्यरत हैं। वहीं, उनके भाई अनिकेत रजक ICICI बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। परिवार के अन्य सदस्य कृष्ण कुमार रजक भी मध्य प्रदेश शासन में सेवाएं दे रहे हैं। अब ऋषिकेश का ICAR-CIFA में फील्ड असिस्टेंट पद पर चयन होने से परिवार की उपलब्धियों में एक और कड़ी जुड़ गई है। ऋषिकेश की इस सफलता पर परिजनों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। सभी ने विश्वास जताया कि ऋषिकेश अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करते हुए परिवार और गांव का नाम रोशन करेंगे तथा भविष्य में सफलता की नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे।

एसपी ने देर रात बाइक से लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, गरबा पंडालों का किया निरीक्षण



दमोह। नवरात्रि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने पुलिस बल के साथ देर रात मोटरसाइकिल से शहर के प्रमुख मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों और गरबा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान संदिग्धों की तलाशी लेकर उन्हें सख्त हिदायत दी गई। एसपी ने तहसील ग्राउंड, कीर्ति परिसर, ब्रजवासी रिट्रीट और नीलकमल गार्डन स्थित गरबा स्थलों का जायजा लिया। इसके बाद राय चौराहा, तीन गुल्ली, घंटाघर, टॉकीज तिराहा, पुराना थाना, चमन चौक, धरमपुरा और पठानी मस्जिद होते हुए बड़ी देवी मंदिर तक गश्त की। निरीक्षण के दौरान गरबा पंडालों और चौराहों के आसपास घूम रहे संदिग्धों से पूछताछ कर तलाशी ली गई। एसपी ने आयोजकों को निर्देश दिए कि गरबा स्थलों में केवल पंजीकृत व्यक्तियों को प्रवेश दिया जाए तथा महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। महिला सुरक्षा के लिए जिले में 'शक्ति मोबाइल' की तैनाती की गई है। पुलिस ने आमजन से किसी भी आपात स्थिति में डायल-112 अथवा पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर पर सूचना देने की अपील की है। रात्रि भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, सीएसपी एच.आर. पांडेय, कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार, यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

पांच साल से मातृशक्ति संभाल रही गरबा महोत्सव की कमान, आज होगा देवी जागरण



दमोह। शहर की सुरेका कॉलोनी स्थित दुर्गा माता मंदिर में पिछले पांच वर्षों से महिलाएं गरबा महोत्सव और धार्मिक आयोजनों की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। नवरात्र में पारंपरिक वेशभूषा में गरबा कर महिलाएं भक्ति और भारतीय संस्कृति का संदेश दे रही हैं।महोत्सव के अंतर्गत आज मंदिर में देवी जागरण आयोजित होगा। समिति अध्यक्ष प्रीति गौतम, उपाध्यक्ष अर्चना श्रीवास्तव व पूजा खरे, मीडिया प्रभारी कौशल्या ठाकुर और कोषाध्यक्ष इंदू अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

नवीन विद्यालय के छात्रों ने किया कालेज का शैक्षिक भ्रमण

हटा । शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा के छात्रों ने शिक्षक रमेश प्रजापति, महेंद्र पटेल एवं हर्षित जैन के मार्गदर्शन में विद्यालय के आईटी तथा ई एच के छात्रों ने नगर के शासकीय राघवेंद्र सिंह हजारी महाविद्यालय हटा का औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय में छात्रों ने शैक्षणिक स्टाफ के सहयोग से कंप्यूटर लैब, केमिस्ट्री लैब एवं पार्क का अवलोकन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश अहिरवार ने पार्क में लगे रबर , पारिजात, सिंदूर, आम सहित लगभग 179 पौधों के बारे में विस्तार से बताया । विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार सेन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार छात्रों को औद्योगिक शैक्षिक भ्रमण कराया जाता है जिससे उनके सीखने समझने की क्षमता का विकास होता है भ्रमण के दौरान छात्रों को स्वल्पाहार वितरित किया गया कार्यक्रम में शामिल सभी छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण से कई प्रकार की जानकारी प्राप्त कर प्रसन्नता जाहिर की।

हथनी के पास ट्रक ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर

बनवार। दमोह-जबलपुर मार्ग पर हथनी के पास शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया, जहाँ तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में बिशनाखेड़ी निवासी डेलन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डेलन सिंह अपनी बाइक से दमोह की ओर आ रहे थे। इसी दौरान दमोह से जबलपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने हथनी के पास उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। सड़क पर घायल पड़े युवक को देख राहगीरों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुँची। ईएमटी सोमनाथ विश्वकर्मा और पायलट बलराम रेलवर ने तत्परता दिखाते हुए घायल डेलन सिंह को सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने तुरंत उनका उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के मुताबिक, युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, हालांकि वह अभी बोलने की स्थिति में है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार अज्ञात ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है।

श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य चुनरी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

शनिवार की सुबह नगर सेवा समिति और नगर वासियों के विशेष सहयोग से खिरका मोहल्ला में स्थित बड़ी देवी काली माता मंदिर प्रांगण से विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत नगर परिषद अध्यक्ष हेमेन्द्र सिंह ठाकुर'मुन्ना भैया' के द्वारा विशेष पूजा अर्चना के साथ की गई ।यात्रा डीजे बैंड बाजे और आतिशबाजी के साथ नगर के खिरका मोहल्ला, ठकरास मोहल्ला, राजगढ़ी परिसर से होते हुए मुख्य बाजार क्षेत्र पर पहुंची जहां पर जय जगदंबा दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा जलपान और पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया गया।तत्पश्चात थाना परिसर, नन्नी माता मोहल्ला से होते हुए नगर से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित बड़ी भुवन माता जगत जननी मैया के दरबार में पहुंची जहां भक्तों ने विशेष पूजा अर्चना के साथ माता को चुनरी अर्पित की। नगर सेवा समिति के संयोजक प्रेम नारायण प्यासी ने बताया कि माता रानी को भक्तों द्वारा यह चुनरी लगभग ग्यारह सालों से लगातार पूरी श्रद्धा के साथ अर्पित की जा रही है और माताराणी को एक हजार मीटर लंबी चुनरी अर्पित की गई है।इस दौरान यात्रा में डीजे ,बैंड बाजे और आतिशबाजी के बीच श्रद्धालुओं द्वारा जमकर माता की जय जयकार कर नृत्य किया गया ।नगर में जगह-जगह चुनरी यात्रा का स्वागत किया गया । भव्य यात्रा में विभिन्न देवी, देवताओं की मूर्तियां सजाई गई थी, छोटी-छोटी बच्चियों को घोड़ा गाड़ी में देवी के स्वरूप में विराजमान कर के उनकी सुंदर झांकी सजाई गई थी ,जो यात्रा का आकर्षण का केंद्र रही ।यात्रा के दौरान किशोरी शक्ति दल की बच्चियों ने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए तलवार ,भाला , बरछी , ढाल कृपाण और चकरी घुमाकर जबरदस्त करतब दिखाए, जिन्हें देखकर दर्शक मगध मुग्ध हो गए। अंत में साबूदाना की खिचड़ी ,केला सेब फल सहित श्रीफल का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया उक्त अवसर पर पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह ,पूर्व नपा उपाध्यक्ष राजकुमारी सिंह, सुधांशु चौबे, अतुल प्रताप सिंह ,एडवोकेट संजय अग्रवाल, देव सिंह ठाकुर, राकेश अग्रवाल ,दिलीप रावत, कमलेश कुमार नामदेव, एएसआई मलखान सिंह, विनोद ठाकुर,कुशल चौरसिया, मंजीत सहित भारी पुलिस बल नगर सेवा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं किशोरी शक्ति दल की बच्चियां शामिल हुए।